सोमवार

03 अप्रैल, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज






प्लेटफॉर्म पर नहीं लगा कोच इंडिकेटर, यात्रियों को ट्रेन छूटने का बना रहता है भय 3




## खबरें फटाफट

### एक करोड़ रुपये लेकर भागने वाले चार जीआरपी जवान गिरफ्तार



**पटना।** जमुई के झाझा रेलवे स्टेशन पर एक रेलयात्री का रुपये से भरा बैग लेकर चंपत हुए रेलवे पुलिस के चार जवानों और एक चोर को जीआरपी जांच के बाद गिरफ्तार किया है। इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने एक यात्री को अपनी बातों में उल्झाए रखा। इस दौरान उसकी एक करोड़ रुपये से भरा बैग चंपत हो गया। हरियाणा निवासी ट्रक व्यवसायी हरदिप दलाल और मधु आनंद विहार एक्सप्रेस से जसीडीह से गाड़ी में चढ़े। उनके पास एक करोड़ रुपये से भरा बैग था। यात्रा के दौरान जब वे झाझा रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो रेलवे पुलिस के चार सिपाहियों ने उन्हें अपनी बातों में उलझाकर उसका बैग गायब करवा दिया, जिसके बाद रेलयात्री ने इसकी शिकायत झाझा रेल थाना में की। शिकायत मिलते ही रेलवे थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने कार्रवाई शुरू की। सीसीटीवी कैमरा के आधार पर उपचार जीआरपी के जवान की पहचान की गई और उसी के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे नवादा, महागठबंधन सरकार पर जमकर बरसे

# जातिवाद का जहर घोलने वाले व जंगलराज के प्रणेता के साथ राजनीति नहीं करेगी भाजपा

दंगों के कारण सासाराम के कार्यक्रम में नहीं पहुंचे, तो मांगी जनता से माफी

कहा- दंगा करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम करेगी भाजपा

नीतीश बाबू ने जीवन में कई पार्टियां बदली हैं, कई लोगों को धोखा दिया हैं

**केटी न्यूज/पटना**

रामनवमी के बाद बिहार राज्य में हुई हिंसा के बीच देश के गृह मंत्री अमित शाह का रविवार को नवादा आगमन हुआ। गृह मंत्री हिसुआ में आयोजित सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम में आए थे। उन्होंने मंच से लगभग आधे घंटे तक भाषण दिया। जिसमें कहा कि नीतीश के लिए भाजपा के दरवाजे अब हमेशा के लिए बंद हो गए हैं। 2024 लोकसभा चुनाव के बाद महागठबंधन सरकार गिर जाएगी और हमारी सरकार आएगी। इस दौरान गृह मंत्री ने हाल ही में राज्य के पांच जिलों में हुई हिंसक झड़प के मुद्दे को भी उठाया। कहा कि 30 मार्च को उन्हें सासाराम जाना था, लेकिन दुर्भाग्य है कि वहां लोग मारे जा रहे हैं। गोलियां चल रही हैं। जिसके कारण वो वहां नहीं जा सकें। जिसके लिए उन्होंने रोहतास की जनता से क्षमा मांगी। साथ ही, अगली बार वहां जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनने पर दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेंगे।

अमित शाह ने कहा कि वो एक बात स्पष्ट कर देते हैं कि 2024 लोकसभा के चुनाव परिणामों के बाद नीतीश बाबू और लल्लन बाबू को भाजपा में वापस नहीं लिया जाएगा। नीतीश बाबू और लल्लन बाबू के लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। बिहार की जनता के बीच जातिवाद का जहर घोलने वाले नीतीश बाबू और जंगलराज के प्रणेता लालू प्रसाद दोनों के साथ भाजपा कभी राजनीतिक सफर नहीं तय कर सकती।



### कुर्सी कुमारों के बीच पिस रही है जनता

अमित शाह ने कहा कि नीतीश बाबू सपना देख रहे हैं कि वो पीएम बनेंगे, जिसके पहले तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनने की बात चल रही है। इन कुर्सी कुमारों के बीच बिहार की भोली जनता पिस रही है, लेकिन देश की जनता ने तय किया है कि मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनाएंगे। उन्होंने नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए लालू जी को संदेश दिया कि वो यह भूल जाएं कि नीतीश उनके बेटे को मुख्यमंत्री बनाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि लालू के बेटे ने नीतीश को सांप, पलटूराम और यहां तक की गिरगिट भी कहा था, लेकिन नीतीश बाबू प्रधानमंत्री बनने का सपना संजोए उनके साथ चले गए।

**आज समग्र बिहार चिंता कर रहा है :** कांग्रेस, जेडीयू, आरजेडी, टीएमसी अयोध्या में श्री राम का मंदिर बनने का विरोध करते थे। मोदी जी ने एक दिन सुबह श्री राम मंदिर का शिलान्यास कर दिया और आसमान से भी ऊंचा राम मंदिर बनने की शुरूआत हो गई है। आज समग्र बिहार चिंता कर रहा है। बिहारशरीफ में आग लगी है, सासाराम में आग लगी है। 2024 में मोदी जी को पूर्ण बहुमत दीजिए और 2025 में बिहार में भाजपा की सरकार बनाइए। इन दंगा करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम भाजपा करेगी।

**मैं केंद्रीय गृह मंत्री हूं, बिहार भी जिम्मेदारी हमारी :** केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल को फोन किया तो ललन सिंह बुरा मान गए। वे कहते हैं कि बिहार में क्यों हस्तक्षेप कर रहे हैं? उन्होंने कहा, 'मैं केंद्रीय गृह मंत्री हूं। बिहार भी हमारी जिम्मेदारी हूं।' नीतीश कुमार की सत्ता की भूख ने आपको लालू की गोद में बैठने पर मजबूर कर दिया। हमारी कोई मजबूरी नहीं है। हम जनता के बीच जाएंगे। लोगों को बताएंगे। महागठबंधन की सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। नीतीश बाबू आपने अपने जीवन में कई पार्टियां बदली हैं, कई लोगों को धोखा दिया हैं। लेकिन जिस यूपीए में लालू के साथ आप गए हैं, उसने बिहार को क्या दिया? 2009 से 2015 में बिहार को सिर्फ 50 हजार करोड़ रुपए का बजट केंद्र ने दिया था और 2014 से 2019 में मोदी जी ने 50 हजार करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1 लाख 9 हजार करोड़ रुपये बिहार को देने का काम किया है।

# हिसक झड़प के उपद्रवियों की पहचान कर उनपर सख्त से सख्त कार्रवाई करें: मुख्यमंत्री

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को बिहारशरीफ और सासाराम में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई घटना को लेकर अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहे। पूरी मुस्तैदी बनाए रखें। उपद्रवियों की पहचान कर उनपर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखें। मुख्यमंत्री ने मृत व्यक्ति के निकटतम परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपए का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रामनवमी जुलूस के दौरान बिहारशरीफ में हुई घटना में मृत व्यक्ति के पिता एवं भाई से दूरभाष पर बात कर अपनी संवेदना व्यक्ति की और घटना की पूरी जानकारी ली। इस मामले को लेकर उन्होंने समीक्षा बैठक कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बैठक में मुख्य सचिव आमिर सुबहानी एवं पुलिस महानिदेशक आरएस भट्ठी ने बिहारशरीफ और सासाराम में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई गड़बड़ी नहीं कर पाए। इस पर नजर रखें। विधि-व्यवस्था पूरी तरह से मेंटेन रखें। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अविलंब वार्ता कर पूरी जानकारी लें। प्रेस वार्ता कर मीडिया को वस्तुस्थिति की जानकारी दें ताकि कोई अफवाह नहीं फैले और लोग भ्रमित न हों।

## ओम बाबू गुप्ता की हत्या मामले में दो महिलाएं बरी

**बक्सर।** शहर के मुनीम चौक पर रहने वाले ओम बाबू गुप्ता की हत्या उनके ही पड़ोसियों ने कर दी थी। यह घटना 14 मार्च 2021 को हुई थी। सुनवाई करते हुए अपर जिला व सत्र न्यायाधीश-4 विजेन्द्र कुमार ने शनिवार को फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को 10-10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीनों आरोपियों के उपर दो-दो लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। जानकारी देते हुए लोक अभियोजक त्रिलोकी मोहन ने बताया कि मामले में कुल पांच लोग आरोपी बनाए गए थे। ओम बाबू की पत्नी पुष्पा देवी ने नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें नामजद हुए सोमनाथ आर्या, ज्ञानेन्द्र उर्फ बाबू साहेब, जितेश आर्या को सजा हुई है। दो महिलाएं चंदनी देवी व प्रियंका देवी को साक्ष्य के आभाव में न्यायालय ने बरी कर दिया। आरोप था कि घटना के दिन इन सभी लोगों ने मिलकर मेरे पति का घर में घुस मारना शुरू किया। छत से खींच कर नीचे लाए और दुकान में हथौड़े से मारकर उनकी हत्या कर दी।

## भोजपुर में ग्रामीणों पर अंधाधुंध फायरिंग में किसान जख्मी, अन्य बाल-बाल बचे

**आरा।** जिले के आरा-अरवल रोड पर नारायणपुर थाने से कुछ दूरी पर स्थित एक हेडमास्टर के दरवाजे पर बैठे ग्रामीणों पर बदमाशों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग कर दी गयी। उसमें एक किसान को दो गोलियां लगी हैं, जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी किसान नारायणपुर गांव निवासी स्व.भगवान सिंह के 55 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार सिंह उर्फ सत्यदेव सिंह हैं। उनका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। हालांकि गोलीबारी में हेडमास्टर रामाशंकर पांडेय उर्फ जाटा बाबा सहित अन्य ग्रामीण बाल-बाल बच गये। हमलावरों की संख्या तीन बतायी जा रही है। तीनों नकाबपोश थे और एक ही बाइक पर सवार होकर आये थे। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरा की ओर भाग गये। घटना के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की छानबीन और हमलावरों की धरपकड़ में जुट गयी है। घटनास्थल से चार-पांच खोखे भी मिलने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम नारायणपुर थाना से कुछ दूरी पर आरा-सहार रोड किनारे उसी गांव के निवासी मिडिल स्कूल के हेडमास्टर रामाशंकर पांडेय उर्फ जाटा बाबा के दरवाजे पर चार पांच ग्रामीण बैठकर बात कर रहे थे। तभी काला ड्रेस पहने बाइक सवार तीन की संख्या में लोग पहुंचे और फायरिंग शुरू कर दी। उसमें सत्येंद्र सिंह उर्फ सत्यदेव सिंह को गोली लग गयी और जख्मी हो गए। वारदात की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तबतक हमलावर भाग चुके थे। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि घटना में मुंह बांधे दो से तीन लोगों द्वारा गोली चलाने की बात सामने आ रही है।

# बलिया में डुमरांव के युवक की पीट पीटकर की हत्या, दूसरा इलाजरत

**केटी न्यूज/बलिया**

बिहार के डुमरांव से बलिया अपने मौसी के घर आए दो युवकों की रविवार की शाम दर्जन से अधिक मनबढ़ युवकों ने सुखपुरा थाना क्षेत्र के देवकली चट्टी के समीप पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही एसपी राजकरन नय्यर, अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी, सीओ समेत कई थाने की फोर्स जिला अस्पताल पहुंच गई तथा घायल युवक से पूछताछ की। वहीं मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए



भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गई थी। घटना के पीछे क्या कारण है। इसके तहत तक पुलिस जाने के लिए छानबीन कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार बिहार प्रदेश के बक्सर जिला के डुमरांव थाना के नेनुआ गांव निवासी प्रितम पाठक 25 तथा उसी गांव का नीसू पाठक 17 सोमवार को नगर के बहादुरपुर स्थित किराए के मकान में रह रहे अपने मौसी के यहां मिलने आए थे। वहां से मिलने के बाद वह अपने गांव जाने के लिए जैसे देवकली चट्टी पर पहुंचे कि दर्जनों की संख्या में मनबढ़ युवकों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्रीतम पाठक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि निशु की हालत नाजुक बनी हुई है। इस मामले में मृतक युवक की मौसी ने बताया कि दोनों हम से मिलने के लिए बलिया आए थे, जब शाम को मुलाकात कर घर जाने के लिए निकले तो रास्ते मे बदमाशों ने उन्हें मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसमें मेरे भतीजे की मौत हो गई।

## 15 से शुरू होगा जातीय जनगणना का दूसरा दौर

**पटना।** बिहार में जाति आधारित गणना का प्रथम चरण पूरा हो हो चुका है। अब 15 अप्रैल से दूसरे चरण की शुरूआत होगी। इस दौरान पहले दौर में छूट जाने वाले परिवारों और नए बसने वाले परिवारों को भी शामिल किया जाएगा। दूसरे चरण की गणना की सबसे खास बात ये है कि अगर गणना कर्मी को किसी के घर लॉक दिखाई देता है तो, वह पड़ोसी से नंबर लेकर घर मालिक को वीडियो कॉल के जरिए सारी जानकारी इकट्ठा करेंगे। दरअसल, बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जनगणना कर्मियों को साफ निर्देश दिया गया है कि अगर जनगणना के दौरान कोई घर लॉक दिखाई देता है तो जनगणना कर्मी उस घर के मालिक का नंबर पड़ोसियों से हासिल उन्हें वीडियो कॉल पर आने का अनुरोध करें। इसके बावजूद अगर कोई वीडियो कॉल पर नहीं आते हैं, तो फिर जनगणना कर्मी उन्हें एक फॉर्मेट भेजें, जिसे भरकर आधार कार्ड या फिर कोई प्रमाण पत्र के साथ गणना कर्मी को भेजने के लिए कहा जाए।

### सीएम ने बीपीएससी-75वें स्थापना दिवस के मौके पर अधिकारियों की लगायी क्लास, बोले-

# बीपीएससी मुख्य परीक्षा में ज्यादा नंबर वालों को इंटरव्यू में दें रियायत

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार राज्य लोक सेवा आयोग के 75वें स्थापना दिवस के मौके पर अधिकारियों को पारदर्शी का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि मुख्य परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थी, जो साक्षात्कार में शामिल होते हैं, उन अभ्यर्थियों का मूल्यां कन पारदर्शी और बेहतर ढंग से होना चाहिए, ताकि किसी को कोई शिकायत न हो। अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के दौरान यदि अधिक नंबर मिले हैं, तो साक्षात्कार में उन्हें रियायत दिया जाना चाहिए, ताकि ऐसे होनहार अभ्यर्थी को साक्षात्कार में कम नंबरों की वजह से छंटनी न हो।

सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कुमार ने कहा कि अगर लिखित परीक्षा में किसी को अधिक नंबर मिला है, तो इससे ये तो साफ है कि उसकी पढ़ाई में कोई कमी नहीं है। सीएम ने दलील दी कि कई बार अभ्यर्थी डर और शर्म की वजह से अपनी बातों को सही तरीके से नहीं रख पाते हैं। ऐसे में इन अभ्यर्थियों की काबिलियत पर संदेह नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लिखित परीक्षा में अच्छा नंबर हासिल करने वाले अभ्यर्थी स्वभाविक रूप से पढ़ने में तेज होता है। ऐसे में इंटरव्यू के दौरान भी उनकी छोटी-मोटी गलतियों को नजरअंदाज कर उन्हें रियायत देते हुए अधिक नंबर देना चाहिए।

- आयोग के काम करने की सुस्त रफ्तार पर नीतीश ने जताई अपनी नाराजगी




**राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग पर बरसे सीएम :** इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के काम करने की सुस्त रफ्तार पर अपनी नाराजगी जताई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उसकी समीक्षा करके आयोग के शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया भी भविष्य में बीपीएससी के जरिए कराई जाए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के बेरोजगार लोगों को बड़ी खुशखबरी दी। उन्होंने कहा कि बीपीएससी के माध्यम से 45892 लोगों की नौकरी दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने 40506 हेड मास्टर की बहाली की प्रक्रिया में भी तेजी से काम करने के निर्देश दिये। इसके अलावा नीतीश कुमार ने बीपीएससी में सदस्यों के रिक्त पड़े पदों पर पांच दिनों में बहाली का निर्देश मुख्य सचिव को दिया। उन्होंने कहा कि बीपीएससी के विभिन्न विभागों में खाली पदों पर कर्मियों की बहाली जल्दी होगी। मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग को जो भी आवश्यकता है, सरकार इसमें सहयोग करेगी।




केशव टाइम्स

बक्सर, 03 अप्रैल 2023




जीयर स्वामी

सद्मार्गों की तरफ प्रवृत होना और असद् मार्गों से निवृत्त होना ही विद्या है।



## खबरें फटाफट

### दिल्ली गया था परिवार, घर में लाखों की चोर

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोर घर से बीस हजार नगद और लाखों के जेवर लेकर चंपत हो गये हैं। चोरी की वारदात गोढ़ना रोड बंगला कॉलोनी निवासी रामनाथ शर्मा के घर हुई है। बताया जाता है कि बेटे की शादी में मिले सारे गहने चोर लेते गये। रामनाथ शर्मा के अनुसार उनका का एक बेटा दिल्ली में रहता है। उसकी तबीयत खराब थी। वह बेटे का इलाज कराने पूरे परिवार के साथ फरवरी में दिल्ली चले गये थे। हालांकि मकान के एक फ्लैट में किरायेदार रहता है। 31 मार्च को वह दिल्ली से लौट रहे थे। रास्ते में थे तो, किरायेदार की ओर से फोन कर चोरी होने की सूचना दी गयी। आरा लौटे, तो देखा कि घर के मेन गेट का ताला खुला था। अंदर के सभी कमरों के ताला टूटा हुआ था। सभी अलमारी भी टूटी थी और सोने के सारे जेवर व बीस हजार रुपए गायब थे। गृहस्वामी के अनुसार चोरी गये गहनों की कीमत करीब 35 लाख है। इस संबंध में गृहस्वामी की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, पुलिस मामले की छानबीन और चोरों की पहचान में जुटी है।

### मैट्रिक परीक्षा के टॉपर छात्र सम्मानित

**जहानाबाद।** सदर बिहार बोर्ड परीक्षा में बिहार में छह स्थान प्राप्त करने वाला एवं जिले के टॉपर छात्र वेद को राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ अरुण कुमार ने उसके आवास पर जाकर सम्मानित किया। पूर्व सांसद ने छात्र वेद को अंगव देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने वेद के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह से तराशने का काम किया है, उसका फल है कि वेद ने बिहार में छठा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने वेद की आगे की शिक्षा ग्रहण करने में यथासंभव सहयोग करने का भी भरोसा दिलाया।

# रीपर से निकली चिंगारी के कारण फसल में लगी आग, किसानों की उम्मीदें हुईं राख

- अगलगी में दर्जनभर से अधिक किसानों के 30 बीघे की फसल को पहुंची क्षति
- पंचायत के मुखिया ने प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाने का दिया आश्वासन

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत कौंरा पंचायत में खेतों में भूसी बना रहे रीपर से चिंगारी निकलने से 30 बीघे में खड़ी गेहूं की फसल आग लगने से जल गई। सूचना मिलते ही आसपास पंचायत के ग्रामीणों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए प्रखंड के बीडीओ और सीओ के अलावा थानेदार को मामले की जानकारी दी, लेकिन फायर ब्रिगेड पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पालिया। हालांकि,तक तक दर्जन भ किसानों की फसल जलकर राख हो चुकी थी। मौके पर पंचायत के मुखिया हरेराम सिंह अपने प्रतिनिधियों के साथ पहुंच कर ग्रामीणों को ढ़ाढस बंधाया और इस मसले पर बीडीओ से वार्ता की।



घटना के संबंध में मुखिया हरेराम सिंह ने बताया कि कौंरा पंचायत के स्थानीय गांव उत्तरी छोर में स्थित खैरवन में रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे के आसपास भूसी बनाने के लिए रीपर खेत में चलाया जा रहा था। इस बीच रीपर से चिंगारी निकलने लगी। जिसके कारण फसल अवशेष में आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से आसपास के खेतों की ओर रूख कर गयी। लोगों ने इसकी सूचना गांव वालों को दी। जिसके बाद आनन फानन में ग्रामीण वहां पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। उन्होंने बताया कि खेतों में अगलगी के कारण दर्जनभर से ऊपर किसान और गैर रैयत किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। मुखिया ने बताया कि सोमवार को वो जगदीशपुर सीओ से मिलकर फसल क्षति का आकलन करने की कार्यवाही कराएंगे। ताकि, जिन किसानों को अगलगी से नुकसान पहुंचा है, उनको क्षतिपूर्ति की राशि दिलाई जा सके।

**आग के कारण इन किसानों को हुआ नुकसान :** मनोज यादव की दो बीघा में खड़ी गेहूं की फसल, रविंद्र चौधरी व रामावतार चौधरी के सात बीघे की फसल, उमेश साह का दो बीघा, जगनारायण साह की दो बीघे की फसल, रमेश साह की दो बीघे की फसल, राजेंद्र साह की दो बीघे की फसल, मंजय सिंह के तीन बीघे, अमरजीत सिंह के 12 कट्ठे में खड़ी फसल व मनमोहन सिंह के तीन कट्ठा समेत कुल 30 बीघे में आग लगने के कारण गेहूं की खड़ी फसल देखते ही देखते राख हो गई।

### प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति लोगों में आक्रोश

गेहूं के खेतों आग लगने के मामले में प्रशासनिक उदासीनता को देखते हुए ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। लोगों ने बताया कि आग लगते ही लोगों ने एसडीओ, बीडीओ, सीओ और थानेदार को फोन करना चालू कर दिया था। लेकिन, अधिकारियों ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। जिसके कारण उन्हें यह नुकसान झेलना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रखंड के अधिकारी मुख्यमंत्री के निदेर्शों को ठेंगा दिखा रहे हैं। प्रत्येक साल फसल कटनी के दौरान ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए प्रखंड और थाना स्तर पर फायर ब्रिगेड की टीम प्रतिनियुक्त की जाती है। लेकिन, यहां ऐसा कुछ भी नहीं दिख रहा है। बताया जाता है कि पहले से ही किसान बारिश के कारण चिंतित थे। लेकिन अगलगी ने फसल के साथ उनकी मेहनत और उम्मदों को भी जला डाला।

## ट्रैक्टर की ट्रॉली खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपए नहीं देने के कारण हत्या का आरोप

# भोजपुर में दहेजलोभियों ने विवाहिता की जहर देकर की हत्या, पति और सास हुए गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में शनिवार की रात दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर दी गयी। ट्रैक्टर की ट्रॉली खरीदने को मायके वालों ने डेढ़ लाख रपए नहीं दिया, तो ससुराल वालों द्वारा मारपीट पर जहर देकर उसे मार डाला गया। शव ठिकाने लगाने की कोशिश भी की जा रही थी। तभी पुलिस पहुंच गयी और शव को बरामद कर लिया गया। मृत महिला भदवर गांव निवासी गोलू यादव की 26 वर्षीया पत्नी बेबी देवी थी।

हत्या करने का आरोप उसके पति और सास पर लगाया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि एएससी हिमांशु के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपितों को गिरफ्तार किया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। शुरूआती छानबीन में दहेज के लिए जहर देकर हत्या की बात सामने आ रही है। अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। इस मामले में जिनकी भी संलिप्तता आयेगी, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**शादी के पांच माह बाद की गई थी रुपयों की मांग :** पटना के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के सरकुंडा गांव निवासी रमेश कुमार ने बताया कि उसकी बहन बेबी की



- बोले परिजन- पहले की मारपीट उसके बाद जबरन खिला दिया जहर

शादी मई 2020 में चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव निवासी वीरा यादव के पुत्र गोलू यादव के साथ हुई थी। शादी के करीब पांच माह के बाद से बेबी के पति गोलू कुमार और सासा मातेश्वरी देवी द्वारा दहेज में पैसे की मांग की जाने लगी थी। नहीं देने पर मारपीट भी की जाती थी। एक वर्ष पूर्व भी उसके पति और सास ने उसके साथ मारपीट की थी। तब उसके द्वारा स्थानीय थाने में शिकायत भी की गयी थी, लेकिन उस समय थानाध्यक्ष द्वारा समझा कर भेज दिया गया था। तब वह अपनी बहन को लेकर अपने गांव चला गया था। उसके कुछ दिन बाद उसकी बहन को लड़का पैदा हुआ था। इधर, करीब ढाई माह पूर्व बहनोई जबरन उसकी बहन को अपने घर ले गया था। कुछ दिन पूर्व उसके बहनोई ने एक ट्रैक्टर खरीदी थी। तब बहनोई की डिमांड पर उसने उस समय भी उसे 50 हजार रुपए दिया गया था। उसके बाद बहनोई ट्रैक्टर का डाला खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपए की मांग करने लगा। नहीं दिया तो मारपीट करने के बाद जबरन जहर देकर उसकी हत्या कर दी गयी।

**वाहन चेकिंग के दौरान वाहन से बरामद किया शव :** एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि रोज की तरह शनिवार की देर रात चांदी थाने की पुलिस गश्ती और वाहन चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान भदवर गांव के समीप एक संदिग्ध वाहन को पकड़ा गया। उसमें कुछ लोग संदिग्ध हालात में बैठे थे और एक महिला का शव रखा गया था। संदेह के आधार पर वाहन को पकड़ लोगों से पूछताछ और जांच शुरू की गयी। उसी क्रम में महिला की दहेज के लिए हत्या करने की बात सामने आयी। उसके बाद महिला के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया गया। इधर, बेबी देवी के भाई रमेश कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम उसके पति की ओर से फोन से बहन की तबीयत ज्यादा खराब होने की सूचना दी गयी। उस पर वहलोग आरा सदर अस्पताल पहुंचे तो देखा कि उसकी बहन मृत अवस्था में पड़ी है। उसके बाद गांव वालों द्वारा सूचना दी गयी कि उसका बहनोई अपनी मां के साथ घर से भाग रहा है। उस आधार पर उनलोगों ने दोनों को खदेड़ कर पकड़ लिया गया।

**भूख से बिलखता रहा मां की मौत से बेखबर चौदह माह का बेटा :** बताया जा रहा है कि बेबी देवी चार भाई और चार बहनों में सबसे छोटी थी। उसका 14 माह का एक अबोध बेटा संतोष भी है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां धर्मशीला देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, मां की मौत से बेखबर अबोध संतोष मामा की गोद में भूख से बिलखता रहा।

## एक नजर

### सिसरो द्वारा चार दिवसीय फुट एण्ड एंकल फ्री सर्जिकल कैम्प की शुरूआत





**पटना।** सिसरो (सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ स्पाइन, रिहेबिलिटेशन एंड आर्थोपेडिक) हॉस्पिटल दानापुर पटना में फुट एण्ड एंकल फ्री सर्जिकल कैम्प की शुरूआत हुई। यह कैम्प मंगलवार तक चलेगा। इस दौरान 18 वर्ष या उससे कम आयु वाले जन्मजात विकलांग एवं पैर की विकृति वाले रोगी को सर्जरी एवं प्रोस्थेटिक अंग एवं कैलीपर की सेवाएँ दी जा रही है।मरीज को सारी सुविधाएँ मुफ़्त मुहैया कराई जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर में विभा कुमारी सिंह, निदेशक, राज्य स्वास्थ्य परिवार कल्याण संस्थान, पटना एवं मदन साहनी, मानव संसाधन विकास मंत्री, बिहार सरकार उपस्थित थे। डॉ एस एन सर्राफ ने बताया कि यह चार दिवसीय सर्जिकल कैंप एक तारीख से शुरू होकर चार तारीख तक चलेगी। कैंप ईश्वर फाउंडेशन, नई दिल्ली एवं के. बी. एच., ऑस्ट्रिया के सहयोग से सिसरो हॉस्पिटल पटना में आयोजित हो रहा है। जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्वदेशी और विदेशी डॉक्टरों का सहयोग प्राप्त है। इस कार्यक्रम में डॉ. महेश कुमार, डॉ. अभिषेक अन्नू सर्राफ, डॉ. वेरोनिका आदि ने सहयोग दिया।

### रामनवमी को लेकर 20 पूजा समितियों के कार्यकताओं का किया गया सम्मानित

**जहानाबाद।** ठाकुरबाड़ी ढिबरा पर रविवार को जिले के सभी रामनवमी समितियों के कार्यकताओं का सम्मान समारोह व सहभोज आयोजित किया गया। जिसमें काको, मखदुमपुर, टेहटा पाईबिगहा और नगर के सभी 20 पूजा समितियों के प्रमुख कार्यकताओं के अलावा शोभायात्रा के स्वागत व सेवा व्यवस्था में लगे सभी समितियों के सेवादारों को अंगवस्त्र व मेडल देकर



जिला समिति द्वारा सम्मानित किया गया। जागरण यात्रा (बाईक जुलूस) में शामिल चर्चित वीरांगना अनुराधा पाठक को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान चालीसा से की गई। जिसके बाद जिले के सभी रामनवमी शोभायात्रा की समीक्षा भी हुई। चर्चा में सभी समितियों ने कहा कि अगले वर्ष और भी अनुशासित तथा भव्य व आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाएगी। सभी एक माह पूर्व से अखाड़ा की तैयारी करेंगे जिसमें लाठी तलवार बरछा आदि का विशेष करतब दिखाया जायेगा। जिला समिति ने कहा कि कुछ और नए स्थानों से अगले वर्ष शोभायात्रा निकालने का प्रयास किया जायेगा तथा जिले के सभी नगर बाजार सहित गांवों को भी भगवामय किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदु कश्यप ने कहा कि रामनवमी किसी दल का नहीं बल्कि सम्पूर्ण हिंदू समाज के श्रद्धा का प्रकटीकरण है साथ ही भगवा सनातन हिंदू धर्म का धर्म ध्वजा है जिसका विरोध भारतीय संस्कृति का विरोध है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि अनुराधा पाठक ने अगले वर्ष और वीरांगनाओं को जागरण यात्रा हेतु प्रशिक्षण देने की बात कही गई। कार्यक्रम का समापन नगर अध्यक्ष विजय कुमार सत्कार जी के द्वारा और सामूहिक शांति पाठ से किया गया।

### डॉ विनयन आश्रम पर महिला सशक्तिकरण एवं इफ़्तार पार्टी का किया गया आयोजन

**जहानाबाद।** जिले के नवादा स्थित जन मुक्ति आंदोलन कार्यालय डॉ. विनयन आश्रम ग्राम में एक दिवसीय महिला सशक्तिकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जन मुक्ति आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यास जी ने की। जिसमें पटना से आए प्रशिक्षक उर्मिला कुमारी एवं शांत्वना भारती ने महिलाओं के सशक्तिकरण के सवाल पर अनेक बातें रखी ।जिसमें महिला पुरुष में भेदभाव को मिटाया जाए एवं महिलाओं के शिक्षा के सवाल पर सबसे ज्यादा जागरूक होने की आवश्यकता है। ताकि एक परिवार बनाने में भी महिलाओं की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। अनेक क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने की आवश्यकता है। व्यास जी ने अपने संबोधन में कहा कि जब तक महिलाएं शिक्षित एवं स्वाबलंबी नहीं होगी तब तक एक सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। महिलाओं को शिक्षित बिना समाज एवं परिवार का निर्माण संभव नहीं है। जिसमें सबसे महत्वपूर्ण है शिक्षा का क्षेत्र जब तक महिला शिक्षित नहीं होगी तब तक सफल नहीं होगी। यह महिला सशक्तिकरण का सबसे मुख्य औजार है। महिला कार्यकताओं को सशक्तिकरण के सवाल पर प्रशिक्षित करना अतिआवश्यक है एवं रमजान के पाक मौके पर इफ़्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जन मुक्ति आंदोलन के महासचिव हरिलाल प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष संत प्रसाद, कोषाध्यक्ष भीम सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष सुनील कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष नाजनी परवीन, धानो देवी हॉयर एजुकेशन के सचिव डॉ रविकांत कुमार, कुणाल कुमार, रविन्द्र कुमार, लाल कुमार मंडल, मोहम्मद क्यूंम, मुस्ताक अंसारी, शमशाद आलम एवं अन्य साथियों ने हिस्सा लिया।

## केसठ में जनप्रतिनिधियों ने दसवीं में अव्वल आए छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**केसठ।** प्रखंड के रामपुर गांव में दसवीं की वार्षिक परीक्षा में औव्वल स्थान लाने वालें छात्र-छात्राओं को एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडे ने किया। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजबिहारी सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा, डुमरांव विधानसभा के पूर्व विधायक रामाश्रय सिंह, केसठ मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान, रामपुर सरपंच विष्णु देव पासवान उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथियों ने दसवीं में उत्तीर्ण छात्रों को मेडल, डायरी आदि देकर समानित किया। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहकर भी बिहार में तथा जिले में छात्र अपना स्थान लाकर प्रखंड के साथ जिले का नाम रोशन किए है। मौके पर उपस्थित बीडीओ ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते है। इन्हें शिक्षा से जोड़े रहने के लिए ऐसे आयोजन कारगर साबित होते है। कार्यक्रम में जिले में प्रथम स्थान लाने वाले प्रिंस कुमार के साथ अन्य छात्रों को भी सम्मानित किया



गया। रामपुर मुखिया प्रतिनिधि बसंत पांडे के कहा कि अगर दिल में कुछ करने की चाहत हो तो बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा की आज के युवा वर्ग शिक्षा के बदले गलत रास्ते को अपनाने में उत्साहित दिख रहे है। उन्होंने युवाओं से और युवतियों से अपील किया कि वो लोग शिक्षा से जुड़े। मौके पर जितेंद्र पहलवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष सुमेश्वर सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## उत्तराखंड नंबर की लग्जरी कार से 250 लीटर महुआ शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नयका टोला स्थित ओवरब्रिज के पास पुलिस ने उत्तराखंड नंबर की लग्जरी कार से ढाई सौ लीटर महुआ शराब बरामद की है। कार में सवार एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। वह जगदीशपुर थाना क्षेत्र के ही कहेन गांव निवासी आनंद कुमार का पुत्र विकास कुमार है। पुलिस कार जब्त करने के बाद उससे पूछताछ कर रही है।

एसपी प्रमोद कुमार की ओर से प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली कि

- तस्कर से पूछताछ कर शराब की सप्लाई चेन खंगाला रही पुलिस





बिहिया की ओर से एक कार से शराब लायी जा रही है। उस आधार पर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा नयका टोला स्थित ओवरब्रिज के पास वाहन चेकिंग शुरू की गयी। उस दौरान संदेह के आधार पर बिहिया की ओर से आ रही उत्तराखंड नंबर की फीयेट लीना कार जांच के लिए रोकी गयी। तलाशी के दौरान कार से ढाई सौ लीटर महुआ शराब बरामद की गयी। उसके बाद कार सवार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी के अनुसार पकड़ा गया तस्कर पहले से भी इलाके में अवैध शराब का धंधा करता रहा है। उसके खिलाफ पहले से भी शिकायत मिल रही थी। उससे पूछताछ कर शराब सप्लाई की चेन खंगाली जा रही है। कार की भी जांच की जा रही है। छापेमारी में जगदीशपुर थानाध्यक्ष भी शामिल थे।

## पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडेय ने किया श्रीरामकथा का सारगर्भित प्रस्तुतिकरण, बोले-

# श्रीराम के अवतरण का उद्देश्य था त्रिताप पीड़ित जगत का कल्याण

- देररात तक भक्तिभाव से श्रोताओं ने कथा का किया रसास्वादन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

रामायण मंदिर के समीप गांधी मैदान में कथा के दूसरी रात तक पूर्व डीजीपी बिहार गुप्तेश्वर पांडेय (आचार्य गुप्तेश्वर महाराज) द्वारा रामकथा का सारगर्भित प्रस्तुतिकरण देखने को मिला। सभी श्रोतागण देररात तक कथा का रसास्वादन भक्ति भाव से जी भरकर किया। रामकथा वाचक आचार्य गुप्तेश्वर महाराज ने महर्षि वाल्मीकि प्रणीत रामायण एवं संत कवि गोस्वामी तुलसीदास प्रणीत रामचरितमानस में वर्णित भगवान श्रीराम को त्रिगुणातीत, चिदानंदमय और निजेच्छा निर्मित शरीर धारी बताया। उनके अवतरण का उद्देश्य त्रिताप पीड़ित जगत का कल्याण है। इसलिए उनका नित्य निरंतर स्मरण, कथा का



श्रवण और समर्पण के साथ उनकी भक्ति ही जगत के लिए कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि राम कथा के महत्व का अंदाजा आप सभी इससे लगा सकते हैं कि भगवान शंकर माता पार्वती को राम की कथा सुना रहे हैं। अपने हृदय में धारण किए श्रीराम से माता पार्वती को परिचित कराने की घटना ही रामकथा को महनीयता प्रदान करता है। इतना ही नहीं, महर्षि याज्ञवल्क्य ने भारद्वाज जी और कागभुशुण्डि ने गरुड़ जी को भगवान श्री राम की कथा सुनाई। ये सभी सिद्धात्मा, विमलात्मा हैं, जिन्होंने राम कथा का श्रवण किया और इस प्रकार जगत कल्याण के लिए रामकथा का प्रणयन हुआ।

उन्होंने रामकथा के तत्व चिंतन पर सारगर्भित बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कुछ मूल प्रवृतियां हैं, जो मनुष्य में जन्मजात है। वे हैं - काम, निद्रा,भय, क्षुधा, पिपासा आदि। अनेक कामनाएं और वासनाएं भी हृदय निकेतन में निवास करती हैं। इन प्रवृत्तियों एवं संवेगों से कोई व्यक्ति मुक्त नहीं है। ये प्रवृतियां भोग से शांत नहीं होती, प्रत्युत इस प्रकार वृद्धिगत होती हैं। जिस प्रकार घृत से अग्नि। इन प्रवृत्तियों का घर मन है। जबतक ये प्रवृतियां आपके अन्दर मौजूद है, तब तक आप परमानंद की प्राप्ति नहीं कर सकते। चित अर्थात मन की शुद्धि और राम भक्ति से ही अशांत करने वाली प्रवृतियों से छुटकारा मिलेगा।कथा प्रवाह में बहते हुए आचार्य गुप्तेश्वर महाराज जी ने कहा कि तीन एषणाएं हैं: पुत्रैषणा,वित्तैषणा और लोकैषणा अर्थात संतान, धन और यश की कामनाएं। इस ऐषणा त्रय के वशीभूत मनुष्य मृगतृष्णा में पड़ा रहता है। इनका त्याग कर देने पर ही मनुष्य भव-बंधन से मुक्ति पा सकता है।भगवद भक्ति में ही इन ऐषणाओं से मुक्ति की शक्ति है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए आचार्य श्री ने बल देकर कहा कि ये तीन प्रधान संवेग अन्य कुत्सित संवेगों को जन्म देते हैं, जिनकी संख्या छः तक पहुंच जाती है। परम्परागत और अलंकारिक भाषा में षड् रिपु कहा गया है। ये हैं: काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मात्सर्य। इन प्रवृत्तियों और रिपुओं के कारण मनुष्य सन्मार्ग से विचलित हो जात है और अनेक पाप करके लोक और परलोक दोनों को नष्ट कर देता है। रामकथा का श्रवण और भगवान राम के प्रति सम्पूर्ण समर्पण के साथ भक्ति ही मुक्ति का मार्ग है।

## खबरें फटाफट

### अखबार बिक्रेता की बाइक चोरी

**डुमरांव।** नगर के वार्ड दो स्थित टेक्सटाईल कॉलोनी से एक अखबार बिक्रेता की टीवीएस मोपेड बाइक उस वक्त चोरी हो गई जब वह बड़े भाई से मिलने उनके घर गया था। घटना शनिवार की देर शाम की है। पीड़ित जय प्रकाश प्रसाद मूल रूप से शहर के ठठेरी बाजार रोड का रहने वाला है। पुलिस को दिए आवेदन में उसने बताया है कि वह शनिवार की देर शाम अपने बड़े भाई लखन प्रसाद के टेक्सटाईल कॉलोनी स्थित घर पर गया था। दरवाजे पर बाइक खड़ी कर वह बड़े भाई से मिलने घर के अंदर चला गया था। थोड़ी देर बाद बाहर आने पर उसकी टीवीएस-100 बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसकी बाइक नहीं मिली तब पीड़ित ने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित का आवेदन मिला है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी क्षेत्र अंतर्गत बाली गांव के सड़क किनारे एक तस्कर महुआ शराब बेच रहा था। जिसे पुलिस ने रविवार को 8 लीटर शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार तस्कर बाली गांव के नंदजी पासवान है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्रामीणों ने सूचना दिया कि गांव के पहुंच पथ सड़क किनारे एक युवक महुआ शराब बेच रहा है। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने अपने जवानों के साथ चिन्हित स्थान पर छापेमारी किया। छापेमारी में पुलिस के हाथ एक गैलेन लगी। जिसे खोलकर देखा तो उसमें 8 लीटर महुआ शराब था। शराब मिलते ही पुलिस ने तस्कर को भी धर दबोचा। सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि बरामद महुआ शराब पर मद्य निषेध अधिनियम के तहत तस्कर पर नामजद एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# प्लेटफॉर्म पर नहीं लगा कोच इंडिकेटर, यात्रियों को ट्रेन छूटने का बना रहता है भय

**केटी न्यूज/डुमरांव**

❑ सात वर्ष पूर्व कोच इंडिकेटर लगाने की मिली थी स्वीकृति

दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन पर कोच इंडिकेटर के आभाव में हर दिन यात्रियों को भागदौड करनी पड़ रही है। ऐसे में यात्रियों को ट्रेन छूटने का भय बना रहता है। कोच के सही पोजीशन की जानकारी नहीं होने के कारण ट्रेनों के आते ही प्लेटफार्म पर अफरातफरी मच जाती है। इस भाग-दौड़ में कई बार लोगों की ट्रेने भी छूट जाती है। सात साल पहले टेंडर होने के बाद भी कोच इंडिकेटर लगाने का मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

बता दें कि राजस्व को लेकर डुमरांव को बी ग्रेड के स्टेशन का दर्जा प्राप्त है, लेकिन उसके अनुरूप यहां यात्री सुविधाएं नहीं मिल रही है। डुमरांव में प्रतिदिन 36 ट्रेनों का ठहरांव होता है। साथ ही दस हजार से अधिक यात्रियों का आना-जाना होता है। एक्सप्रेस ट्रेनों का यहां महज दो मिनट का स्टॉपेज है। ऐसे में कोच इंडिकेटर नहीं रहने से यात्रियों को डिब्बों के ठहरांव की सही जानकारी नहीं मिल पाती है। ट्रेन रुकने के साथ ही डिब्बों तक पहुंचने के लिए अफरा-तफरी मच जाती है। अफरा-तफरी के बीच बुजुर्गों और महिलाओं को काफी परेशानी होती है। ट्रेनों में सवार नहीं होने के कारण हर दिन चेनपुलिंग होती रहती है।

**कहते है रेल यात्री :** डुमरांव के यात्री मनोज केशरी ने कहा कि कोच इंडिकेटर के अभाव में उन्हें कई बार इस स्टेशन से यात्रा की शुरूआत में परेशानी हुई है। उन्होंने रेल प्रशासन से तत्काल कोच इंडिकेटर लगाने की मांग की है। कोरानसराय के बिपीन कुमार ने कहा कि पिछले दिनों यात्रा के दौरान कोच इंडिकेटर का नहीं होने से उन्हें बार बार इंक्वायरी में जाना पड़ रहा था। जबकि इंक्वायरी प्लेटफार्म से बाहर है। वही नियाजीपुर के पंकज पाठक ने कहा कि एक कोच इंडिकेटर के अभाव में एक बार उनकी टेज्न छूटने की नौबत आ गई थी। इसके अलावे भी कई अन्य यात्रियों ने कोच इंडिकेटर के अभाव में निर्धारित बोगी की खोज करने में परेशानी का बता बताई है।




## टेंडर के साथ तीन कर्मियों की नियुक्ति भी हुई थी

रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन सिंह ने बताया कि डुमरांव स्टेशन पर कोच इंडिकेटर लगाने के लिए सात साल पहले रेलवे की ओर से स्वीकृति मिली थी। इसके लिए टेंडर के साथ तीन कर्मियों की नियुक्ति भी हुई थी। कोच इंडिकेटर का कुछ सामान भी आ चुका था लेकिन महीनों बाद मशीन स्टाल नहीं हुआ।

समिति का कहना है कि कोच इंडिकेटर के सामान भी दूसरे जगह स्थानांतरित कर दिया गया, जिसके कारण कोच इंडिकेटर लगने की संभावनाएं खत्म हो गयी है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही इसके लिए आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वैसे दानापुर मंडल के डीआरएम से इसकी मांग की गई है। वहीं डुमरांव स्टेशन प्रबंधक सचिंद्र कुमार की माने तो कोच इंडिकेटर के लगाने को लेकर विभागीय स्तर पर कोई सूचना अभी नहीं मिली है। इसे लगाने के लिए संबंधित विभाग को सूचित कर दिया गया है।

## नुकसान को कम करने के लिए गेहूं की जल्दी कटनी का सुझाव दे रहे कृषि वैज्ञानिक

# मौसम की मार से बेजार हुए किसान; गेहूं आम व सब्जियों को पहुंचा भारी नुकसान

■ मौसम में लगातार परिवर्तन से भी फसलों को पहुंचेगा नुकसान

**केटी न्यूज/बक्सर**



मार्च के आखिरी व अप्रैल के शुरूआती दिनों में जिलेभर में तेज आंधी पानी आई है। दो से तीन बार आई आंधी पानी में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। दलहन के साथ ही सब्जी फसलों तथा आम व लीची जैसे फल उत्पादों को सबसे अधिक नुकसान होने की बात बताई जा रही है। आंधी के कारण आम व लीची के टिकोले जहां झड़ गए है वही गेहूं की खड़ी फसल भी खेतों में गिर गई है। जिससे उनके सड़ने या काला होने की आशंका बनी हुई है। वही लतेदात सब्जियों, टमाटर की फसलें भी बारिश से खराब हुइ है।

मौमस की मार से जिले के किसान बेजार हो गए है। रविवार को धूप खिलने के बाद किसानों ने उम्मीद जताया है कि अब बारिश नहीं होगी। हालांकि धूप निकलने के बावजूद मौमस में बदलाव जारी है। जिस कारण किसान सहमें हुए है। किसानों का कहना है कि अब बारिश होने पर फसल पूरी तरह से नष्ट हो जाएगी। बता दें कि इसके पहले मार्च के होली के समय हुई बारिश से दलहन फसलों को भी नुकसान पहुंचा था। वही रामनवमी से लेकर अबतक तीन बार बारिश आ चुकी है। जिससे किसानों की चिंता बढ़ते ही जा रही है।

**आंधी के कारण गिर गई हैं फसलें :** आशा पड़री के प्रगतिशील किसान विनोद तिवारी ने कहा कि लगातार बारिश होने से फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि आंधी के कारण फसलें गिर गई है। जिसके खराब होने की आशंका बनी हुई है। वही नया भोजपुर के आशुतोष पांडेय की मानें तो सब्जियों की फसल को नुकसान हुआ है। बता दें कि आशुतोष पांडेय सब्जियों, पपीता, मशरूम आदि के उत्पादन के लिए चर्चित किसान है। वही किसान मनोज यादव, दिनेश कुशवाहा, ददन सिंह, दयाशंकर आदि ने कहा कि कई बार आई आंधी पानी के कारण फसलें नष्ट हुई है। वही आम के उत्पादकों ने भी बताया कि आंधी के कारण आम के टिकोले आधे से अधिक झड़ गए है। जिसकी भारपाई करना संभव नहीं है। बता दें कि इस बार आम के पेड़ो में मंजर भी बड़े पैमाने पर लगे थे। जिस कारण रिकार्ड उत्पादन की संभावना बनी हुई थी। लेकिन आंधी ने उन संभावनाओं को धूमिल कर दिया है। अब तो किसान बचे टिकोलों को बचाने की जुगत में भिड़ गए है।

### गिरी हुई फसलों की जल्दी कटाई व थ्रेसिंग करनी चाहिए



डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज के अग्रणी कृषि वैज्ञानिक प्रकाश कुमार ने कहा कि बारिश से अधिक नुकसान आंधी के कारण पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का गेहूं खेतों में गिर गया है, उन्हें जल्दी कटाई व थ्रेसिंग करनी चाहिए। ऐसा कर वे गेहूं को सड़ने या काला होने से बचा सकते है। उन्होंने कहा कि अब धूप हो रही है जल्दी ही फसल काटने लायक तैयार हो जाएगी।

## एक नजर

### सरस्वती विद्या मंदिर, सोनवर्षा में आयोजित तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न

**नावानगर।** शिवकुमारी कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर सोनवर्षा में आयोजित तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला रविवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिन कार्यशाला का उद्घाटन मध्य विद्यालय टीकपोखर के हेडमास्टर वीरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया। इसके बाद उनके द्वारा बालकों का विकास कैसे हो इस पर विचार रखा गया। साथ ही नई शिक्षा नीति में किन बदलावों के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान करने पर चर्चा किया। रिटायर्ड शिक्षक गिरीश दत्त मिश्र के ने बालकों को शुरू से ही अग्रणी बनाने की विचार रखा। जिससे की विद्यालय, समाज एवं देश का विकास हो सके। अंत में विद्यालय के एक वर्ष तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रम परीक्षा एवं प्रतियोगिताओं पर चर्चा किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र राय ने की। मौके पर विद्यालय के आचार्य रामाकांत पाठक, सुदर्शन चौधरी, चंदन कुमार, खूब लाल, सत्येंद्र कुमार, राजदीप कुमार, आचार्या प्रिया देवी, बसंती देवी, रूबी कुमारी, संगीता देवी, रिंकू देवी, नेहा कुमारी, रवीना कुमारी, सुप्रिया कुमारी, सपना कुमारी थी।




### एक सप्ताह से गायब है किशोरी, पिता ने पड़ोस के दंपति समेत दस पर दर्ज कराया केस

**डुमरांव।** स्थानीय शहर के एक मोहल्ले से एक 16 वर्षीय किशोरी गायब हो गई है। बताया जाता है कि उसके पड़ोसी एक दंपति ने ही बक्सर में दवा कराने जाने के बहाने उक्त किशोरी को अपने साथ ले गए थे। लेकिन वापस नहीं आए है। जिसके बाद परिजनों द्वारा पहले अपने स्तर से काफी खोजबीन की गई। इस दौरान दंपति से कई बार पूछताछ के बाद भी जब उक्त किशोरी का सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने दंपति के अलावे कुल दस लोगों पर साजिश के तहत उनकी बेटी को गायब करने का आरोप लगा मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस इसकी पड़ताल में जुट गई है। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही उक्त किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा। इधर किशोरी का सुराग नहीं मिलने से परिजन कई तरह की आशंका से सहमें हुए है। वही सूत्रों की मानें तो इस मामले में प्रेम प्रसंग में किशोरी के गायब होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।




### रंगमंच सामाजिक कुरितियों को दूर करने का सशक्त माध्यम है : सुरेश संगम

**बक्सर।** डिस्ट्रिक्ट आर्टिस्ट एसोसिएशन ऑफ बक्सर 'डाब' के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय रेड क्रॉस भवन में हिंदी रंगमंच की 154 वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास मनाई गई। जिसके तहत रंगमंच दशा व दिशा विषय पर सेमिनार का आयोजन सह सम्मान समारोह रखा गया था। वही रंगकर्म के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान के लिए अशोक पांडे को शाल, मोमेंटो व प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन बक्सर के चर्चित व प्रख्यात रंगकर्मी सुरेश संगम ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रख्यात सर्जन डॉ. महेंद्र प्रसाद व सचिव डॉ. श्रवण तिवारी ने संयुक्त रूप से की। डाब के अध्यक्ष सुरेश संगम ने सेमिनार को संबोधित करते हुए बताया कि भारतेंदु हरिश्चंद्र के दोस्त ईश्वर नारायण सिंह के प्रयास से हिंदी में प्रथम नाट्य प्रस्तुति जानकी मंगल पंडित शीतला प्रसाद त्रिपाठी द्वारा बनारस थिएटर में 3 अप्रैल 1868 को संपन्न हुई थी। इसके बाद एक सिलसिला चल निकला जिसमें रणधीर प्रेम मोहनी एवं सत्य हरिशचंद्र जैसे नाटकों का मंचन हुआ। सेमिनार में महासचिव हरिशंकर गुप्ता, रवि शर्मा, रामस्वरूप अग्रवाल, डॉ. ओमप्रकाश केशरी, पवननंदन, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. शशांक शेखर, प्रदीप जायसवाल, गायक पंकज सिंह आदि मौजूद थे।




### दरवाजे पर खड़ी मैजिक चोरी, एफआईआर दर्ज

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जितवाडीह गांव से एक मैसमो महिन्द्रा (मैजिक) वाहन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर पीड़ित वाहन ऑनर सह चालक सत्येन्द्र सिंह ने थाना में अज्ञात चोरों पर एफआईआर दर्ज कराया है। साथ ही थानाध्यक्ष से चोरी गई वाहन की ढूंढ निकालने एवं चोरों की धर पकड़ कर कार्रवाई की गुहार लगाया है। दर्ज एफआईआर में पीड़ित वाहन ऑनर सह चालक ने बताया है कि बीते 31 मार्च की रात्रि में वह अपनी मैसमो महिन्द्रा वाहन रोज की तरह दरवाजे पर खड़ा कर घर में सो गया। सुबह जब घर से बाहर निकला तो वाहन गायब थी। जिसके बाद उसने अपने स्तर से काफी खोजबीन किया। जब वाहन की कोई सुराग नहीं मिली तो शनिवार की शाम नावानगर थाना में वाहन चोरी की एफआईआर दर्ज कराया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया की पीड़ित वाहन ऑनर सह चालक के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। चोरी गई वाहन की खोजबीन की जा रही है।

# मांगे पूरी नहीं होने पर शुरू होगा चरणबद्ध आंदोलन

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**



♦ टुड़ीगंज स्टेशन यात्री कल्याण समिति ने दिया एक दिवसीय धरना

दानापुर रेल मंडल अंतर्गत टुड़ीगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की समस्या को लेकर रविवार को यात्री कल्याण समिति ने एक दिवसीय धरना दिया। 11 सूत्री मांगों को लेकर समिति के लोगों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक टुड़ीगंज स्टेशन परिसर में धरना पर बैठे रहे। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष कामेंद्र कुमार सिंह ने किया। धरना में स्टेशन पर अधूरे पड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कराने, अमृतसर एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, अपर इंडिया एक्सप्रेस का परिचालन शुरू कराने, स्टेशन के अप एवं डाउन प्लेटफार्म को पीसीसी करने, बक्सर मंडुआडीह पैसेंजर ट्रेन को रघुनाथपुर तक चलाने के लिए विस्तार करने, दानापुर रघुनाथपुर पैसेंजर के बक्सर से खुलने का समय निर्धारण करते हुए टिकट देने की व्यवस्था करने, स्टेशन पर शुद्ध पेयजल, शौचालय की सुविधा बहाल करने, कोरोना काल के पहले जो किराया लागू था।

वहीं किराया लागू करने आदि मांगों के समर्थन में यह धरना दिया गया। धरना के अंत में समिति ने अपना मांग पत्र भी स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डीआरएम को सौंपा है और बताया है कि एक महीने में मांगे पूरी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेवारी रेल प्रशासन की होगी। धरना का संचालन समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता इमरान खान ने किया। मौके पर कृष्ण बिहारी चौबे, सुधीर कुमार सिंह, बाला यादव, राजदेव प्रसाद, राम चन्द्र शर्मा सहित समिति के कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# शादी की नियत से किशोरी का अपहरण

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नियत से एक किशोरी के अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर किशोरी के पिता ने थाना में चार लोगों पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में किशोरी के पिता ने कहा है कि मेरी बेटी घर से जरुरी काम को लेकर बाहर निकली थी। पर देर शाम तक वापस घर नहीं पहुंची। जिसके बाद उसकी काफी खोजबीन किया गया। तभी पता चला की मुरार थाना के पाण्डेयपुर निवासी लवकुश कुमार शादी के नियत से मेरी बेटी का अपहरण कर अपने साथ ले गया है। अपहरण करने मे लवकुश के माता पिता व उसके गांव के एक मित्र जितेंद्र कुमार का सहयोग है। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि किशोरी के पिता द्वारा दिए गए आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

# फांसी लगा युवक ने दी जान

**केटी न्यूज/धनसोई**

धनसोई थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार के एक युवक ने फांसी लगा अपनी इहलीला समाप्त कर ली है। घटना रविवार की सुबह करीब आठ बजे की है। मृतक आकाश कुमार उम्र 21 वर्ष पिता बिरजू साह साड़ी का फंदा बनाकर कमरे में लगे पंख से झूल गया था। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजी।

मिली जानकारी के अनुसार आकाश रात में छत पर सोया था। सुबह करीब साढ़े पांच बजे वह नीचे उतरा तथा कमरा बंद कर लिया। करीब आठ बजे उसका छोटा भाई जब उसे जगाने का प्रयास करने लगा तो अंदर से कुछ आवाज नहीं आ रही थी। इसके बाद पूरा परिवार मिल जगाने की कोशिश करने लगा। आवाज सुन कई पड़ोसी भी दौड़े आए। इसी दौरान किसी ने पुलिस को भी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को तोड़ा तब वह फंदे से लटकता पाया गया। इसके बाद परिजनों में क्रंदन चित्कार मच गया। हालांकि परिजनों द्वारा फांसी लगाने के कारणों को नहीं बताया गया है। वहीं, ग्रामीण सूत्रों की मानें तो युवक अपनी गरीबी से परेशान था। उसके पिता फेरी का काम करते है। परिवार की माली हालत खराब है।

ऐसे में ग्रामीणों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि गरीबी से परेशान होकर ही उसने ऐसा कदम उठाया है। धनसोई थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि घटना के बाद परिजनों और अन्य लोगों का बयान दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विवेक सिन्हा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने छात्रों के बीच आयोजित की गई लिखित प्रतियोगिता

# सफल छात्रों को किया जाएगा पुरस्कृत, मिलेगी नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा

● निर्भिक पत्रकार रहे स्व. विवेक सिन्हा की स्मृति में ट्रस्ट आयोजित करती है कई कार्यक्रम

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के युवा व निर्भिक पत्रकार रहे स्व विवेक सिन्हा की पावन स्मृति में हर साल 'विवेक मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट' द्वारा कई तरह के रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है। जिसका समापन 'स्मृति दिवस' 14 अप्रैल को किया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को बक्सर हाई स्कूल के प्रांगण में स्व पत्रकार की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रतियोगी छात्रों के बीच एक लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के पचहत्तर प्रतिभागी अनुशासित वातावरण में परीक्षा दिए। इस संबंध में ट्रस्ट के प्रोगाम-कोआर्डिनेटर सह केनरा बैंक में कार्यरत दीपशिखा ने बताया कि बक्सर के पत्रकारिता जगत के युवा, निर्भीक पत्रकार स्व विवेक के स्मृति में विवेक मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य किये जाते हैं। उनके स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक साल पूरे वर्ष चल रहे विभिन्न कार्यों की प्रदर्शनी भी लगायी जाती है।

इस कार्यक्रम की श्रृंखला में अप्रैल के प्रथम पखवारे में 2 अप्रैल को प्रतियोगी परीक्षार्थियों के बीच लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित प्रतिभागियों को स्मृति दिवस 14 अप्रैल को सम्मानित किया जाएगा तथा ट्रस्ट के द्वारा संचालित निशुल्क शिक्षण संस्थान में प्रवेश मिलेगा। गौरतलब है कि इस संस्थान से निकले दो दर्जन से अधिक बच्चें देश के विभिन्न सरकारी संस्थानों में अपनी सेवा दे रहे हैं। वहीं ट्रस्ट के संचालक विनय कुमार सिन्हा ने बताया कि 9 अप्रैल को ट्रस्ट के द्वारा स्थानीय ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा साथ ही 14 अप्रैल को एक स्मृति सन्दर्भ सह अंतर स्कूल डांस कॉम्पिटिशन नगर भवन बक्सर में आयोजित है। गौरतलब है कि पत्रकार स्व विवेक सिन्हा अपने जीवन काल में रचनात्क कार्यों में गहरी रूचि रखते थे। वे हमेशा युवा प्रतिभाओं को और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते रहते थे। उनके असामयिक निधन के बाद ट्रस्ट उनके सपने को पूरा करने का प्रयास कर रही है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डा विजय कुमार मिश्र, ट्रस्ट के सुलभ कुमार सिन्हा, शिक्षक राहुल सिन्हा, सोनू, उज्ज्वल, प्रियंका, दीपांकर, अभय कुमार, धर्मेंद्र यादव, धर्मेन्द्र पांडेय, आशीष, अमन, रश्मि, ममता, दीपक, विक्की, पल्लवी, प्रकाश, अर्जुन, विशाल, राजकुमार, संदीप समेत संस्थान के दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

केशव टाइम्स

बक्सर, 03 अप्रैल 2023




# फाउंडेशन-डे पर अयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों का दिखा कौशल








**केटी न्यूज/गाजीपुर**

श्री ठाकुर जी पब्लिक स्कूल बरहपुर- नंदगंज के चौथे फाउन्डेशन -डे पर परिसर में रविवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्लेग्रुप से कक्षा आठ तक के बच्चों ने विभिन्न प्रोजेक्ट्स बनाकर अपने -अपने हुनर को प्रदर्शित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा कुल 18 प्रोजेक्ट्स बनाए गए थे। जिनमें ए5 मिसाइल, पाचन तंत्र, सेफ्टी होम, खासकर प्लेग्रुप के नन्हें -मुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक ढंग से अंग्रेजी के वर्णमाला एबी सीडी लिखना तथा उसकी पहचान बताना आकर्षक का केंद्र रहा। शुगर तथा वीपी नापने वाले स्टाल पर लोगों की सबसे ज्यादा भीड़ थी और लोग अपने नम्बर के इंतजार में लाइन में खड़े रहे।

स्कूल के चेयरमैन मोती सिंह द्वारा फाउंडेशन- डे पर पुराने तथा नया एडमिशन लेने पर एक माह की फीस माफ करने की सूचना पर अभिभावकों द्वारा बच्चों का नाम लिखाने के लिए भीड़ लगी रही। पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आरबी राय ने सभी आगन्तुकों के प्रति आभार तथा चेयरमैन मोती सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर श्रीमती सुमन सिंह, प्रशान्त सिंह, शिवशंकर कुशवाहा, बुलबुल सिंह, कृपा सिंह, उमाकान्त सिंह, जयप्रकाश चौबे, हीरा यादव के साथ साथ काफी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

### महिलाओं का आरोप... प्रार्थना पत्र के बावजूद जिला प्रशासन के कान में नहीं रेंग रहा जूं

# बढ़ा आक्रोश: शराब दुकान के खिलाफ फिर सड़क पर उतरीं महिलाएं, भागे पुलिस जवान

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर के राजेंद्र नगर में रविवार को अवैध शराब दुकान के खिलाफ महिलाएं सड़क पर उतर आई। आरोप है कि शराब की दुकान खुलवाने के लिए खुद पुलिस मौके पर आई थी, लेकिन महिलाओं के उग्र रूप देख पुलिस भाग खड़ी हुई। महिलाओं का कहना था कि जब हम लोगों के साथ पियक्कड़ छेड़खानी करते हैं और हम लोग बिचला घाट चौकी पर शिकायत लेकर जाते हैं, तब पुलिस वाले अपनी सक्रियता नहीं दिखाते है और टाल-मटोल करते हैं, लेकिन रविवार को पुलिस अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूलते हुए बंद शराब दुकान को खुलवाने के लिए आ गई। इस दौरान महिलाओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे भी लगाए।

बताया जाता है कि शहर के राजेंद्र नगर में घनी आबादी के बीच शराब दुकान खुल जाने से मुहल्ले के



- महिलाओं के साथ आए दिन होती है छेड़खानी
- पुलिस ने आंदोलनरत महिलाओं को मुकदमा दर्ज करने की धमकी, जिसके बाद बढ़ा बवाल

लोग काफी दिनों से आंदोलनरत है। इस लेकर मुहल्लेवासियों ने कई बार जिलाधिकारी तथा आबकारी अधिकारी का ध्यान भी आकृष्ट कराए हैं, लेकिन किसी के कानों में ना तो जूं रेंग रहा था और ना ही दुकान हट रही है। ऐसे में महिलाएं शनिार को प्रदर्शन करने के बाद रविवार को सड़क पर उतर आई और जमकर प्रदर्शन किया। आरोप है कि स्थानीय बिचला घाट चौकी की पुलिस मौके पर दुकान खुलवाने के लिए आई थी और आंदोलनकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकी दे रही थी, इस पर महिलाएं और भी ज्यादा उग्र हो गई। जिसके बाद पुलिस भाग खड़ी हुई।

**विरोध में उतरे किन्नर समाज के लोग :** महिलाओं के साथ-साथ किन्नर समाज के लोग भी सड़क पर उतर आए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। किन्नर समाज के लोगों ने कहा कि हमारे बहन-बेटियों का जीना इस मुहल्ले में दुश्वार हो गया है। पुलिस वाले के पास जाने के बावजूद वे लोग सुनते नहीं है। ऐसे में अब हम लोग मन बना लिए हैं कि जब तक शराब की दुकान यहां से नहीं हटेगी, तब तक हम लोग आंदोलन खत्म नहीं करेंगे।

**विभागों की अनदेखी से चलता-फिरता रोड बन गया बार :** आपकी जानकारी के लिए बता दें कि राजेंद्र नगर में चलता-फिरता रोड पर ही शराब की दुकान खोल दिया गया है। बात यहां तक तो सही हैं, लेकिन दुकान के सामने ही पियक्कड़ पीना शुरू कर देते हैं फिर नशे में धूत होकर महिलाओं के साथ छींटाकशी करते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि शराब की दुकान के बाहर शराब पीने का लाइसेंस आखिर कौन दिया हैं या किसके शह पर दुकान संचालक को इतना साहस मिलता है कि वे दुकान के बाहर पीने की इजाजत पियक्कड़ों को देते है। कहना गलता नहीं है कि राजेंद्र नगर का यह चलता-फिरता रोड बार बन गया है।

**एक-दूसरे के पाले में फेंक रहे गेंद :** विरोधी प्रदर्शन के संबंध में एसपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि दुकान हटाना मेरे अधिकार क्षेत्र में नहीं है। मेरे द्वारा शिकायतपत्र को आगे फारवर्ड किया गया है। हां छेड़खानी की बात है तो मेरे पास शिकायत आने पर मैं कार्रवाई करूंगा। उधर इसे लेकर जब आबकारी अधिकारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि विरोध प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में कई अधिकारी मौके पर गए थे, मेरे सीनियर अधिकारी का जैसा आदेश होगा, वैसा किया जाएगा।

## अगलगी में तीन रिहायशी झोपड़ी जलकर राख

**केटी न्यूज/गाजीपुर।** भांवरकोल थाना क्षेत्र के कनुवान गांव में रविवार को पूर्वाह्न अज्ञात कारणों से हुई अगलगी की घटना में तीन रिहायशी झोपड़ियां जलकर राख हो गई। घटना में झोपड़ी में बंधी एक भैंस बुरी तरह से झुलस गई। आग बुझाने के प्रयास में जीतन राम (25) एवं सुनील राजभर (22) भी? मामूली रूप से झुलस गए। ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। बता दें कि अचानक गांव के कोटेदार विजय राजभर की झोपड़ी में आग पकड़ लिया। देखते ही देखते आग ने बगल के जीतन राम की झोपड़ी जलकर स्वाहा हो गई।

घटना में जीतन राम की भैंस बुरी तरह से झुलस गई। अगलगी की घटना में स्वैप मशीन चौकी, बिस्तर आदि सामान जलकर राक हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल आयुषी मिश्रा मौके पर पहुंचे एवं अगलगी में हुई छति का आकलन कर अपनी रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी।

## जनपद के 27 थानों में 42 वारंटियों और 34 वांछित किए गए गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

पुलिस द्वारा वारंटी व वांछितों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जनपद स्तर पर विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए समस्त थानों पर टीमें गठित कर कार्रवाई की गई। इसमें रविवार को 24 घंटे के अंदर जनपद के समस्त सर्किल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार वारंटियों की संख्या 42 व गिरफ्तार वांछितों की संख्या 34 रही। वहीं गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम 41(1) के अंतर्गत 119 वांछितों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

एसपी ने जनपद के सभी थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिया था कि वारंटी और वांछित अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करें। इसके लिए टीम भी गठित की गई थी। इसके तहत कुल 27 थानों में 42 वारंटियों और 34 वांछितों को गिरफ्तार किया

- 41 (1) के तहत 119 वारंटियों को सीआरपीसी में नोटिस तामिल



गया है। जबकि 41 (1) के तहत 119 वारंटियों को सीआरपीसी में नोटिस तामिल कराया गया है। विशेष अभियान के तहत जनपद के समस्त सर्किल के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत गि?फ्तार वारण्टियों की संख्या- 42 व गिरफ्तार वांछित की संख्या-34 तथा 41(1) सीआरपीसी में नोटिस तामिल वारण्टियों की संख्या-119 है।

## कटहल नाला पुल के पास से दो गिरफ्तार

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने शहर के कटहल नाला पुल के पास से दो शातिर को गिरफ्तार करने के साथ उनके कब्जे से तीन अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया। पकडे गए अभियुक्तों का नाम जिशान खान पुत्र स्व जमाल खान निवासी भूराडीह थाना खेजुरी व मो इरशाद पुत्र मो इकलाख खान उर्फ लक्खू निवासी प्रेमचक उमरगंज थाना कोतवाली है।

दोनों कटहल नाला पुल के पास कहीं जाने की पिफराक में बाइक लेकर खडे थे, तभी मुखबिर की सूचना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी की है, इसक बाद दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर दो बाइक और बरामद किया गया। कुल मिलाकर चोरी की तीन बाइक बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।

## बिहार के कृष्णानंद पांडेय के घोड़े ने अभूतपूर्व प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

गहमर गांव के वीरबर मैगर सिंह खेल मैदान पर रविवार को गहमर गौरव अंतरराज्यीय चेतक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शाहपुर आरा बिहार के कृष्णानंद पांडेय का घोड़ा अपना अभूतपूर्व प्रदर्शन दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। रविवार की दोपहर आयोजित हुए इस चेतक प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि भदौरा ब्लाक के प्रधान संघ के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने दीप प्रजवलित कर एवं घुड़सवारों को झंडी दिखा कर किया। इस प्रतियोगिता में यूपी बिहार के कई जनपदों के घुड़सवारों ने अपने घोड़ों के साथ भाग लिया। परंपरागत रूप से चली आ रही इस प्रतियोगिता को देखने के लिए हजारो की भीड़ मौजूद रही। इस चेतक प्रायियोगिता में



उत्तर प्रदेश एवं बिहार के दर्जनों घुड़सवारों ने अपने घोड़ो के साथ हिस्सा लिया। कुल चार चक्र की प्रतियोगिता चली। जिसमें से प्रथम आए घुड़सवारों को अंतिम चौथे चक्र का फाइनल राउंड में पूरे प्रतियोगिता के प्रथम द्वितीय और तृतीय घुड़सवारों सहित बेस्ट घुड़सवार का भी चयन किया गया। यह प्रतियोगिता बहुत ही रोमांचक रहा। निर्यायक मंडल द्वारा कृष्णानंद पांडेय शाहपुर आरा बिहार प्रथम, पंकज प्रधान मउ को द्वितीय एवं विमलेश पहलवान जौनपुर को तृतीय स्थान घोषित किया गया। विजेताओ को मुख्य अतिथि द्वारा ट्राफी के साथ आकर्षक उपहार भी दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा कि यहां आकर मुझे बहुत ही गर्व महसूस हो रहा है की आज के इस आधुनिक जमाने मे भी घोड़दौड की प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। यह 300 साल पुरानी परंपरा है।

### एसएस इंटर कॉलेज में शिक्षक नेता चेतनारायण सिंह व साहित्यकार जनार्दन राय ने किया मेधावी छात्रों को सम्मानित

# ऋषि-मुनियों की धरती भरौली में मेधावी विद्यार्थी को मिला सम्मान

**केटी न्यूज/गाजीपुर/बलिया**

भगवान श्रीराम से जुड़ी ऋषि मुनियों की धरती गड़हांचल में स्थित स्वामी सहजानंद इंटर कॉलेज गोविंदपुर भरौली में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षक एमएलसी चेतनारायण सिंह व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार जनार्दन राय रहे।

मां गंगा के पावन तट पर आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्राओं ने ₹सरस्वती मईया, पड़तनी




तोहार पईयां, हो सहईया होखना...।₹ सुनाकर सबका मन जीत लिया। इसी क्रम में इंटर व हाईस्कूल की छात्राओं ने ₹श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...₹ जब गीत की प्रस्तुति किया तो उपस्थित जनसमूह भक्ति के रस में डूब गया। इसके बाद छात्रों ने जब प्रस्तुत किया तो लोगों के रोम-रोम में देश भक्ति का समावेश हो गया। सबसे मनमोहक चित्रण कक्षा तीन के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुत किया ₹छोटी -छोटी गईया, छोटे -छोटे ग्वाल, छोटो सो मेरो मदन गोपाल..₹ तो पूरा सदन तालियों से गूंज उठा। एक के बाद एक कार्यक्रम मंच पर होते रहे।

बता दें कि शिक्षा क्षेत्र सोहांव के गोविंदपुर भरौली में स्थित स्वामी सहजानंद इंटर कॉलेज के प्रांगण में पिछले साल के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। अतिथियों एवं गणमान्य लोगों के समक्ष समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। उपस्थित लोग भावविभोर हो गए। स्वामी सहजानंद इंटर कॉलेज की छात्रा संजना कुमारी ने इंटर में टाप किया था, वहीं हाई स्कूल का छात्र समीर खरवार दूसरे स्थान पर रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश चेत नारायण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार जनार्दन राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं नन्ही बच्चियों द्वारा मैया यशोदा कि तेरा कन्हैया गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं में जिले में इंटर में टाप करने वाली संजना कुमारी हाई स्कूल में दूसरे स्थान पर रहे समीर खरवार के अलावा रोहित वर्मा, आशीष राय, नीरज राय, जगदीश गुप्ता, अनिल कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। जनार्दन राय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह विद्यालय रोज नया कृतिमान स्थापित कर रहा है गड़हांचल के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक पारसनाथ प्रधानाचार्य प्रेमप्रकाश राय, गोविन्द जी, कुबेर नाथ तिवारी, अक्षय कुमार राय, बीरलाल यादव व अन्य रहे।

## एक नजर

### नाम के अनुरूप हो चन्द्रशेखर हाफ मैराथन दौड़

**बलिया।** आगामी 19अप्रैल को आयोजित चन्द्रशेखर हाफ मैराथन सद्भावना दौड़ नाम अनुरुप हो, ऐसी तैयारी होनी चाहिए। श्रद्धेय चन्द्रशेखर जी के पास आने वाले लोगों के खाने पीने और आवासीय व्यवस्था का विरोध ख्याल रखते थे इसलिए उनकी स्मृति में आयोजित सद्भावना दौड़ कार्यक्रम में बलिया में आने वाले सभी प्रतिभागियों के आवास का प्रबंध उत्तम कर लिया जाय। शारदा आटोमोबाइल्स पटपर (पचखोरा) से शुरू होकर वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम तक के मैराथन पथ पर खिलाड़ियों को कोई दिक्कत न हो ।यह बातें समिति के सह संरक्षक एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू भैया ने कासिम बाजार स्थित आवास पर आयोजित राष्ट्रनायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति की बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि बाबा चंद्रशेखर जी की स्मृति में आयोजित होने वाला हाफ मैराथन देश विदेश में अपना स्थान रखता है। इसलिए सारी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाए।बैठक में सचिव उपेन्द्र सिंह ने बताया कि हाफ मैराथन के सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से सभी सदस्यों को जिम्मेदारी बांटकर आयोजन को सफल बनाया जायेगा। बैठक में तेजा सिंह, अजीत सिंह, जयप्रकाश सिंह, धर्मवीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मनोज शर्मा, अनिल सिंह, उमेश सिंह, अमित बघेल सम्राट कुंवर आदि उपस्थित रहे।



### 15 को जेसी कैंसर इंस्टिट्यूट आएंगे मुख्य सचिव

**बलिया।** इब्राहिमपट्टी स्थित जननायक चंद्रशेखर हॉस्पिटल एवं कैंसर इंस्टिट्यूट में 15 अप्रैल को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आने वाले हैं। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है। मुख्य सचिव मिश्र की उपस्थिति में चन्द्रशेखर अस्पताल एंड कैंसर इंस्टिट्यूट को सुपर स्पेशियलिट कैंसर इंस्टिट्यूट के रूप में डेवलप करने के लिए कल्याण सिंह कैंसर इंस्टिट्यूट के साथ एक लिखित अनुबंध होगा। मुख्य सचिवे मेगा कैंपए एसजीपीजीआई से आ रही मोबाइल वैन और ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम को लेकर बेल्थरारोड एसडीएम एआर फारुकी और बीडीओ सीयर मधुचंदा सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया। इसे दौरान उन्होंने लगने वाले निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर के बारे में जानकारी ली। आधा दर्जन ग्राम प्रधानों की बैठक कर साफ सफाई अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी।प्रशासनिक व्यवस्थाएं पार्किंग सुविधा एवं सुरक्षा की तैयारियों पर जोर दिया। अस्पताल कर्मियों के साथ भ्रमण कर उन्होंने पूरी व्यवस्था की जानकारी ली। अस्पताल की सारी व्यवस्था सरकार द्वारा चलाई जा रही है। इस अस्पताल में कैंसर मरीजों की ओपीडी चल रही है। विषेशज्ञ चिकित्सकों द्वारा कीमो व सर्जरी का काम चल रहा है। आयुष्मान कार्ड से मरीजों का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। दूसरी यूनिट में रेडियोथेरेपी और सिंकाई का कार्य शुरू हो जाएगा। मऊ जनपद के शारदा नारायन वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन एवं जननायक चंद्रशेखर हॉस्पिटल एवं कैंसर इंस्टिट्यूट के संचालक डॉ संजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर 15 अप्रैल को प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्र आ रहे हैं। इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं।



### शेरपुर से वाराणसी के लिए बस का संचालन शुरू

**गाजीपुर।** मोहम्मदाबाद क्षेत्र के शेरपुर से वाराणसी के लिए रविवार को अपग्रेड रोडवेज बस का संचालन शुरू कर दिया गया है। बता दें कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी वीके पांडेय ने बताया कि अब नियमित रूप से शेरपुर से वाराणसी के लिए यह बस सेवा प्रदान की जाएगी और शीघ्र ही शहीदों के गांव शेरपुर से कानपुर तक नई रोडवेज बस चलेगी।आपको बताते चलें कि यूपीडा के सूचना सलाहकार दुर्गेश उपाध्याय ने बीते माह प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मिलकर रोडवेज बस शेरपुर से वाराणसी तक चलाए जाने की मांग की थी। जिस पर गंभीरता से लेते हुए परिवहन मंत्री के निर्देश पर आज शेरपुर से वाराणसी तक कि सेवा आरम्भ कर दी गई। काफी दिनों से स्वतंत्रता संग्राम में योगदान करने वाले शहीदों के गांव शेरपुर से गाजीपुर तक पहले से रोडवेज की ओर से परिवहन की सुविधा दी गई थी, जो शेरपुर से गाजीपुर सुबह जाती थी और शाम को गाजीपुर से वापस शेरपुर आती थी। इस मौके पर नंद किशोर उपाध्याय, पूर्व प्रधान जयप्रकाश राय, नारायण उपाध्याय, दिनेशचंद्र राय, उमेशचन्द्र राय, भरत यादव, अमित यादव, अमेरिकानंद राय, धर्मेंद्र उपाध्याय, प्रकाश राय, शशांक उपाध्याय, बुचू उपाध्याय, अशोक राय, सुशील तिवारी, ओमप्रकाश राय आदि लोग मौजूद रहे।




### राजभर समाज के हित व मान-सम्मान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा: सकलदीप राजभर

**बलिया।** अखिल भारतीय राजभर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सकलदीप राजभर ने कहा कि मैं राजभर समाज के हित को सर्वोपरि रखते हुए उनके मान-सम्मान व स्वाभिमान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। क्षेत्र के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत हल्दीरामपुर के मौजा नारा पार में रविवार को संगठन की आयोजित सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अब मुझे राष्ट्रीय की मान्यता का प्रपत्र रजिस्ट्रार ऑफिस से मिल चुका है। इससे पूर्व इस संगठन में राष्ट्रीय अध्यक्ष के करीब 10 की संख्या में विभिन्न नाम से संगठन कायम कर दावेदार थे। कहा कि हम सभी को एक मंच पर लाने के लिए इस सभा का आयोजन कराया था। खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे अधिकांश लोगों का समर्थन आज मिला। सभी की इच्छा थी कि एक मंच के बैनर तले समाज के हित में चर्चा की जाय। कहा कि अब हमारा संगठन राजभर समाज के लोगों को अनुसूचित जन जाति की श्रेणी शामिल करने के लिए प्रयास शुरू कर दिये हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्बन राजभर ने कहा कि अब तक तो सपा तथा बसपा की पार्टी केन्द्र में उनकी सरकार न होने की बात कह कर राजभर समाज को आरक्षण का उचित लाभ दिला न सकी। संयोग ऐसा है कि केन्द्र तथा राज्य में एक दल की ही सरकार है। उन्होंने कहा कि सरकार के सामने अपनी ताकत का एहसास कराने के लिए राजा सुहलदेव के शौर्य दिवस के अवसर पर आगामी 10 जून को एक विशाल रैली व सभा का आयोजन बलिया में सिकन्दरपुर अथवा मऊ शहर के अन्दर किये जाने की घोषणा की। चुनौती देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के दावेदारों का आह्वान किया कि वे लोग इस समय संगठन को मजबूत करने के लिए अपना कार्य दिखलाये समय आने पर उनको भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद दिलवाने का काम किया जायेगा। सुहलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र राजभर ने सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गठजोड़ तथा अपने नीजी लाभ को छोड़कर राजभर समाज के हित में कोई कार्य नहीं किया। इस सभा में राजभर समाज से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के विभिन्न जिलों सहित कई प्रान्तों से लोगों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रमाण पत्र मिलने का बाद राजभर समाज के लोगों ने सकलदीप राजभर का गर्मजोशी से माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सांसद रमाशंकर विद्यार्थीए जागो राजभर जागो टीम से राजू राजभर, मिथिलेश राजभर, रामअवतार राजभर, अरुण राजभर, राजाराम राजभर, दिनेश राजभर, अशोक राजभर, भीम राजभर, बशिष्ठ नारायण राजभर, आचार्य देवसरन व अन्य मौजूद रहे।

